राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 29 जून। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई जिसमें राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, निवर्ततान जिलाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगणों ने भाग लिया।

बैठक में कोरोना महामारी से पीड़ित परिवारों जिन्होंने इस महामारी में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है तथा रोजगार गवा बैठे हैं को सहायता प्रदान करने हेतु कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे आउटरीच कार्यक्रम की प्रगति एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर कार्यक्रम को और विस्तृत बनाने हेतु चर्चा की गई। इसी के साथ देश में बढ़ती मंहगाई एवं पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी की मांग को लेकर आगामी समय में प्रदेश कांग्रेस द्वारा किए जाने वाले आन्दोलन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श कर प्रदेश कांग्रेस द्वारा 7 जुलाई से 17 जुलाई, 2021 तक चलने वाले अभियान को मूर्त रूप देकर जिम्मेदारियां प्रदान की गई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने संगठन की मजबूती एवं उसके विस्तार हेतु फीडबैक लेकर जरूरी निर्देश प्रदान किये।

श्री डोटासरा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे आउटरीच कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आगामी 30 दिवस में प्रत्येक ब्लॉक व नगर स्तर पर 10-10 कोरोना योद्धा कोरोना पीड़ित परिवारों के घरों में जाकर निर्धारित गूगल फार्म में उनकी जानकारी भरकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में स्थापित कन्ट्रोल रूम को सूचित करेंगे तथा कन्ट्रोल रूम द्वारा इन सभी कोरोना योद्धाओं से समन्वय कर जरूरी जानकारी प्राप्त की जायेगी एवं समय-समय पर निर्देश प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने बैठक में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु कोरोना योद्धाओं के साथ समन्वय बनाने एवं सहायता प्रदान करने के लिये तत्परता से जुट जाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि देश में मंहगाई बेलगाम हो गई है तथा आम आदमी को अपने परिवार के पालन-पोषण में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें आसमान छू रही है जिस कारण देश में सभी आवश्यक वस्तुएं खाद्यान्न, सब्जियां, फल आम आदमी की

पहुँच से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में केन्द्र सरकार की इन गलत नीतियों का विरोध करने की क्षमता केवल कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में है तथा आज आमजन आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा कि मंहगाई के विरूद्ध तथा पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी की मांग को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 7 जुलाई से 17 जुलाई तक केन्द्र सरकार के विरूद्ध अभियान चलाया जायेगा जिसके तहत् 7 जुलाई को महिला कांग्रेस एवं महिला कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार के विरूद्ध जिला व ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिनांक 8 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रदेश के सभी पेट्रोल पम्पों पर केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के विरोध एवं पेट्रोल-डीजल की कीमतों को कम करने की मांग को लेकर विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा जिसके तहत् पेट्रोल पम्प पर आने वाले सभी लोगों से केन्द्र सरकार को दिए जाने वाले मांग पत्र पर हस्ताक्षर लिये जायेंगे।

श्री डोटासरा ने कहा कि दिनांक 16 जुलाई को प्रदेश के प्रत्येक जिले में बढ़ती मंहगाई के विरोध एवं पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने की मांग को लेकर 5 किलोमीटर की साईकिल यात्रा आयोजित की जायेगी जिसमें कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक सहित निवर्तमान जिलाध्यक्ष, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि दिनांक 17 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदेश स्तरीय मार्च आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बैठक में उपस्थित रहे जिला प्रभारियों से संगठन की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की तथा उनसे सुझाव एवं फीडबैक भी प्राप्त किया जिसके आधार पर भविष्य में विस्तार से कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जायेगी।

बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी, डॉ. जितेन्द्र सिंह, श्री हरिमोहन शर्मा, श्री रामलाल जाट, श्री गोविन्दराम मेघवाल, श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, महासचिव श्री हाकम अली खान, श्री वेदप्रकाश सोलंकी, श्री राकेश पारीक, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, सचिव श्री प्रशांत सहदेव शर्मा, श्री फूलसिंह ओला, श्री गजेन्दसिंह सांखला, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती रेहाना रियाज, एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष श्री अभिषेक चौधरी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री पानाचंद मेघवाल, श्री दिनेश खोडनिया, श्री फतेह खान एवं श्री जाकिर हुसैन गैसावत ने भी महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किये।